Australian Government

National Autism Strategy

Help shape the change.

National Autism Strategy [राष्ट्रीय ऑटिज़्म रणनीति] 2025-2031 – सामान्य संक्षिप्त विवरण

परिकल्पना विवरण

राष्ट्रीय ऑटिज्म रणनीति की परिकल्पना एक सुरक्षित और समावेशी समाज के लिए की गई है, जिसमें सभी Autistic [ऑटिस्टिक] व्यक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों के अनुरूप, जीवन के सभी पहलूओं में आगे बढ़ने के लिए सहायता और बल प्रदान किया जाता हो।

लक्ष्य

राष्ट्रीय ऑटिज़्म रणनीति का लक्ष्य सभी Autistic [ऑटिस्टिक] व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में, इस तरीके से सुधार लाना है जो उनके लिए अर्थपूर्ण हो।

मार्गदर्शक सिद्धांत

- सहभागिता में – हमारे बारे में, हमारे बिना कोई निर्णय नहीं
- सभी लोगों के लिए सुगम्यता के आधार पर सुलभता
- आत्म-निर्णय और स्वायत्तता
- तालमेल युक्त और जवाबदेह परिणाम
- स्वीकृति और समावेशिता
- सुरक्षा और अधिकार
- न्यूरोडायवर्सिटी – पुरजोर तरीके से प्रस्तुत, व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप और समग्र

सहायता और समर्थन

Autism Connect [ऑटिज्म कनेक्ट] एक नि:शुल्क, राष्ट्रीय सहायता लाइन है जो ऑटिज्म के बारे में फोन, ईमेल और वेबचैट के माध्यम से, स्वतंत्र और विशेषज्ञ जानकारी प्रदान करती है, जिस पर आप भरोसा कर सकते हैं। Autism Connect [ऑटिज़्म कनेक्ट] के किसी सलाहकार से बात करने के लिए 1300 308 699 पर कॉल करें या जाएँ amaze.org.au/autismconnect/

मुख्य परिणाम

सामाजिक समावेशन:

- Autistic [ऑटिस्टिक] लोगों के अधिकारों का संरक्षण किया जाए।
- Autistic [ऑटिस्टिक] लोगों को वाले कष्टों हानि में कमी आए।
- सामान्य समुदाय में Autism [ऑटिज़्म] के प्रति जागरूकता और स्वीकृति में वृद्धि हो।
- समुदाय में Autistic [ऑटिस्टिक] व्यक्तियों को और अधिक सम्मिलित किया जाए।
- प्रत्युत्तरात्मक समर्थन, सेवाओं और सूचना की सुलभता में सुधार हो।

आर्थिक समावेशन:

- Autistic [ऑटिस्टिक] लोगों के लिए बेहतर शिक्षा के अवसर और परिणाम, तथा शिक्षा क्षेत्र में ऑटिज्म के बारे में अधिक जागरूकता और जवाबदेही हो।
- Autistic [ऑटिस्टिक] लोगों के लिए बेहतर रोजगार के अवसर और परिणाम, तथा नियोक्ताओं, कार्यस्थलों और रोजगार सेवाओं में ऑटिज्म के बारे में अधिक जागरूकता और जवाबदेही हो।

पहचान, सेवाएं और समर्थन:

- शुरु में ही पहचान सहित, सम्माजनक आकलन तथा पहचान के लिए अधिक जागरुकता और बेहतर पहुंच हो।
- आकलन और पहचान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर जानकारी और सहायता हो।
- समय पर, न्यायसंगत और न्यूरोडायवर्सिटी को स्वीकारने वाली सेवाओं और सहायता तक और ज़्यादा पहुँच मिले।

सक्षम बनाने वाली कार्यवाहियाँ

शासन, अनुसंधान, और साक्ष्य, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग:

शासन:
ऑटिस्टिक लोगों, परिवारों, देखभालकर्ताओं, पेशेवरों, सरकारी प्रतिनिधियों और शोधकर्ताओं से प्राप्त जानकारी के आधार पर रणनीति और कार्यवाहियों को निर्देशित करना।

अनुसंधान-संचालित नीति:
ऑटिस्टिक लोगों और उनके समुदायों को समावेशित करने वाली नीतियों के बारे में संपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए पहले से उपलब्ध प्रमाणों का उपयोग करना।

निगरानी और रिपोर्टिंग:
रणनीति के कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी करना तथा रणनीति के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों के प्रभाव की सार्वजनिक रूप से रिपोर्ट देना।

ऑटिज़्म स्वास्थ्य रोडमैप के माध्यम से, निष्कर्षों को तैयार किया जा रहा है और साथ ही ऑटिस्टिक लोगों के स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कार्यवाहियाँ भी विकसित की जा रही हैं, इस कार्य का नेतृत्व स्वास्थ्य एवं वृद्ध देखभाल विभाग द्वारा किया जा रहा है।